दिल्ली के होटलों में हत्या एवं चोरी की वारदातें

63. **श्री शंकर दयाल सिंह।** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अक्तूबर, 1990 से अक्तूबर, 1991 के मध्य दिल्ली के किन-किन होटलों में हत्या एवं चोरी की वारदातें हुईं तथा इन वारदातों की होटलवार संख्या कितनी-कितनी है; और

(ख) सरकार ने उन होटलों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) और (ख) 1.10.1990 से 31.10.1991 के दौरान दिल्ली के विभिन्न होटलों से चोरी के 28 मामले सूचित हुए हैं। चोरी के मामलों का होटलवार विवरण संलग्न है नीचे देखिए। इसी अवधि के दौरान किसी भी होटल में हत्या का कोई मामला सूचित नहीं किया गया। पुलिस की जांच पड़ताल के अनुसार किसी भी होटल के विरुद्ध दंडनीय कार्रवाई नहीं की जा सकती।

विवरण

दिल्ली के होटलों में हुई चोरियों की घटनाएं

होटल का नाम	चोरियों की संख्या
1. पालिका केन्द्र कनाट प्लेस	1
2. जुकासो इन होटल, एल ब्लाक, कनाट प्लेस, नई दिल्ली	2
3. होटल होली डे इन कनाट प्लेस	1
4. सैंट्रल कोर्ट होटल, कनाट प्लेस	1
5. मैरिना होटल कनाट प्लेस, नई दिल्ली	1
6. होटल कनिष्क, नई दिल्ली	2
7. होटल सैंट्रल पार्क बी० के० एस० मार्ग, नई दिल्ली	1
8. होटल अशोक यात्री निवास, नई दिल्ली	1
9 हरी ट्रेवलर्स होटल, कनाट प्लेस	1
10. कलर्जी होटल, औरंगजेब रोड, नई दिल्ली	1
11. अशोक होटल, नई दिल्ली	8
12. सम्राट होटल, नई दिल्ली	1
13. होटल मीरिडियन, जनपथ, नई दिल्ली	1
14. जवाहर होटल, जामा मस्जिद, दिल्ली	1
15. होटल ताज टूरिस्ट, दिल्ली	1
16. टूरिस्ट डीलक्स होटल, दिल्ली	1
17. सपना होटल, दिल्ली	1
18. संतौर होटल, इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नई दिल्ली	1
19. होटल ताज पैलेस, नई दिल्ली	1
	28